| 1

Copyright © 2020 Vhp. | All rights reserved. . . | 1

(दो दिन में लाखों लोगों ने ली सेवा कार्यों से प्रेरणा)

नई दिल्ली नवम्बर 13, 2011। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवा विभाग द्वारा लगाए गए दो दिवसीय सेवा मेले में लाखों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर जहां एक ओर संघ और उसकी प्रेरणा से चलने वाले विविध सेवा कार्यों को दर्शाया गया तो दूसरी ओर दोंनों दिन लगातार चले मंचीय कार्यकर्मों ने भी जनता का मन मोह लिया। प्रान्त सेवा प्रमुख श्री अजय कुमार ने बताया कि गीत-संगीत, नाटिका, मार्शल आर्ट, विविध विषयों पर व्याख्यान व कवि सम्मेलन आदि अनेक कार्यक्रमों में समाज के पिछडे वर्ग के व्यक्तियों व विकलांगों की सहभागिता सबसे ज्यादा थी। कार्यक्रम के सह संयोजक श्री भरत शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सेवा विभाग की प्रेरणा व देख रेख में दिल्ली में तीन हजार से अधिक स्थानों पर 71 प्रकार के सेवा कार्य चल रहे हैं। इस मेले में हम उन सेवा कार्यों में से केवल कुछ के ही दर्शन करा पाए हैं। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को किसी न किसी प्रकार के सेवा कार्य से जरूर जुडना चाहिए।

पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित गीता बाल
भारती विद्यालय में शनिवार व रविवार के दोनों
दिन लोगों का रेलम्पेला लगा रहा। जहां बडे-
बुजुर्ग व युवा सेवा के विविध आयामों के सजीव
दर्शन कर रहे थे तो बच्चे वहां लगी खान पान की
स्टालों व झूलों का अनंद लेते देखे गए। सेवा
कार्यों में जहां राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के
सेवा विभाग के प्रत्यक्ष सेवा कार्य थे तो वहीं उसकी प्रेरणा से सेवा भारती, विश्व हिन्दू परिषद, हिन्दू हेल्प लाईन, दुर्गा वाहिनी, विद्या भारती, विवेकानन्द मैडिकल मिशन, भारत विकास परिषद, सक्षम, भाजपा, राष्ट्र सेविका समिति, नेशनल मेडीको ओरगेनाइजेशन, बनबासी कल्याण आश्रम, संस्कृत भारती इत्यादि संगठनों के अनेक अनुकरणीय कार्यों से लोगों ने प्रेरणा ली। मेले के दौरान सैंकडों लोगों ने जहां सक्षम के माध्यम से नेत्रदान का संकल्प किया तो दधीचि देह दान समिति को देह दान का संकल्प पत्र सौंपा। हिन्दू हेल्प लाईन ने लोगों को रक्त दान हेतु प्रेरित किया तथा आपात स्थिति में समाज के कैसे काम आया जा सकता है इस हेतु लोगों को प्रशिक्षित भी किया। विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच भी मेले में नि:शुल्क की गई। हर दो घण्टे के बाद तीन लक्की ड्रा भी निकाले गए जिसमें अनेक लोगों ने इनाम जीते।